# प्रीलिम्स फैक्ट्स : 3 अप्रैल, 2018

### मानव शरीर में एक नए अंग 'इंटरस्टीटियम' (Interstitium) की खोज

वैज्ञानिकों ने मानव शरीर में एक नए अंग की खोज की है और इसे 'इंटरस्टीटियम' नाम दिया है। इस नई खोज की मदद से वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि मनुष्य के शरीर में कैंसर का प्रसार और उसके संभावित नैदानिक उपाय को समझा जा सकता है।

**प्रमुख बिंदु**

- इज़रायल मेडिकल सेंटर मेडिक्स के शोधकर्त्ताओं द्वारा एक मरीज़ की पित्त नली में कैंसर के लक्षणों की जाँच करते समय इंटरस्टीटियम की खोज की गई ।
- यह इंसान के शरीर के महत्त्वपूर्ण अंगों में से एक है। ये सिर्फ त्वचा में ही नहीं, बल्कि फेफड़े, आँत, रक्त नलिका और माँसपेशियों के नीचे भी मिलते हैं।
- ये काफी लचीले होते हैं, इनके अंदर प्रोटीन की मोटी परत होती है। वैज्ञानिकों के अनुसार 'इंटरस्टीटियम' शरीर के उत्तकों के बचाव का काम करते हैं।
- उल्लेखनीय है कि मानव शरीर में सबसे बड़े अंगों में से एक होने के बावजूद इंटरस्टीटियम पर पहले किसी का ध्यान नहीं गया था।

### पश्चिमी घाट में पौधे की नई प्रजाति की खोज

- यूनिवर्सिटी कॉलेज के शोधकर्त्ताओं ने पश्चिमी घाट जैव विविधिता हॉटस्पॉट में एक नई वनस्पति प्रजाति की खोज की है।
- पोनमुडी में खोजे गए, एक छलनी के रूप में वर्गीकृत, इस घास जैसे पौधे का नाम फिम्ब्रिस्टिलिस अगस्थ्यमलेन्सिस (Fimbristylis agasthyamalaensis) रखा गया है।
- अगस्थ्यामाला बायोस्फियर रिज़र्व के भीतर पोनमुडी पहाड़ियों में दलदली घास के मैदानों में इस प्रजाति की खोज की गई है|
- यह सर्वेक्षण केरल राज्य परिषद् विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पर्यावरण के महिला वैज्ञानिक विभाग द्वारा वित्तपोषित एक परियोजना का हिस्सा था।
- यह शोध फाइटोटाक्सा (Phytotaxa) में प्रकाशित किया गया है जो कि वनस्पति प्रणालीगत और जैव विविधिता की एक अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका है।
- शोधकर्त्ताओं ने आईयूसीएन मापदंड के अनुसार, इस प्रजाति को 'गंभीर रूप से लुप्तप्राय' (Critically Endangered) के रूप में संरक्षण प्रदान करने की सिफारिश की है। रिपोर्ट के अनुसार इस प्रजाति की वन्य चराई की अत्यधिक संभावना है।
- यह प्रजाति साइप्रसेई परिवार (Cyperaceae Family) के अंतर्गत आती है।
- भारत में इस जीनस का प्रतिनिधित्व 122 प्रजातियों द्वारा किया जाता है। जिनमें से 87 प्रजातियाँ पश्चिमी घाटों में पाई जाती हैं। ज्ञात साइप्रसेई प्रजातियों में से कई औषधीय पौधे हैं जिन्हें चारा के रूप में इस्तेमाल किया जाता है।

### भारत के अग्रिम मूल्य निर्धारण समझौते

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने मार्च, 2018 के दौरान 14 एकतरफा अग्रिम मूल्य निर्धारण समझौते (यूएपीए) और 2 द्विपक्षीय अग्रिम मूल्य निर्धारण समझौते (बीएपीए) किये हैं। इनमें 2 द्विपक्षीय एपीए समझौते संयुक्त राज्य अमेरिका से किये गए हैं। इन समझौतों पर हस्ताक्षर करने के साथ, सीबीडीटी द्वारा दर्ज एपीए की कुल संख्या 219 तक बढ़ गई है। इसमें 199 एकतरफा एपीए और 20 द्विपक्षीय एपीए शामिल हैं।

**प्रमुख बिंदु**

- आमतौर पर एक करदाता और कम-से-कम एक टैक्स प्राधिकरण के बीच ऐसा अनुबंध है, जो परस्पर संबंधित कंपनियों के बीच लेन-देन के लिये मूल्य-निर्धारण विधि को पहले से ही तय करता है।
- भारत में APA की अवधारणा को वित्त अधिनियम 2012 के तहत प्रस्तुत किया गया था।
- इस समझौते के तहत किसी अनिश्चितता से बचने के लिये, आर्म्स-लेंथ प्राइस (Arm's-length Price-ALP) के सिद्धांत का प्रयोग किया जाता है।
- यदि परस्पर संबंधित कंपनियाँ स्वतंत्र रूप से कार्य कर रही हों तब वसूल की जाने वाली कीमत आर्म्स- लेंथ प्राइस कहलाती है।
- जब दो देशों के कर प्राधिकरणों के बीच भविष्य में होने वाले अंतर्राष्ट्रीय लेन-देन की ALP तय करने के लिये अनुबंध होता है तो इसे बहुपक्षीय मूल्य निर्धारण समझौता (Bilateral Advance Pricing Agreement-BAPA) कहा जाता है।

- जब कोई करदाता किसी देश में कर संबंधी निश्चितता के लिये केवल एक सरकारी प्राधिकरण के साथ अनुबंध करता है तो इसे एकपक्षीय मूल्य निर्धारण समझौता (Unilateral Advance Pricing Agreement-UAPA) कहा जाता है।

### इंडिया रैंकिंग्स 2018 ज़ारी

राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (National Institutional Ranking Framework-NIRF) द्वारा भारत रैंकिंग 2018 का तीसरा संस्करण जारी कर दिया गया है।

### प्रमुख बिंदु

- मानव संसाधन मंत्रालय द्वारा इस बार रैंकिंग 9 कैटेगरी में जारी की गई है जो कि हैं- ओवरऑल, विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग, कॉलेज , प्रबंधन, फार्मेसी, मेडिकल, आर्किटेक्चर और लॉ।
- इस अवसर पर मानव संसाधन विकास मंत्री ने कहा कि अगले वर्ष से राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग व्यवस्था में सभी सार्वजनिक संस्थानों की सहभागिता को अनिवार्य बनाया जाएगा।
- रैंकिंग 2018 में दिल्ली का मिरांडा हाउस सर्वश्रेष्ठ कॉलेज, AIIMS सर्वश्रेष्ठ मेडिकल कॉलेज और NLSUI- बंगलुरू सर्वश्रेष्ठ लॉ कॉलेज रहा है।
- यूनिवर्सिटी और ओवरऑल कैटेगरी में देश के प्रतिष्ठित संस्थान IISc (बंगलुरू) को शीर्ष स्थान दिया गया है।
- IIT-मद्रास सर्वश्रेष्ठ इंजीनियरिंग कॉलेज और IIM-अहमदाबाद सर्वश्रेष्ठ प्रबंधन संस्थान के रूप में चुना गया है।

### क्या है NIRF रैंकिंग?

- NIRF की शुरुआत सितंबर 2015 में हुई थी। अप्रैल 2016 में इसके द्वारा पहली और अप्रैल 2017 में दूसरी भारत रैंकिंग जारी की गई थी।
- शैक्षिक संस्थाओं की रैंकिंग के लिये अपनाई जाने वाली यह पद्धति संस्थाओं में अपनाए जाने वाले कई मानदण्डों पर आधारित है, जिसका निर्धारण मानव विकास संसाधन मंत्रालय द्वारा नियुक्त की गई समिति के द्वारा किया जाता है।
- NIRF द्वारा रैंकिंग निम्नलिखित पाँच मानदंडों पर दी जाती है -
  ♦ शिक्षण-अधिगम संसाधन (Teaching, Learning and Resources)
  ♦ अनुसंधान एवं व्यावसायिक प्रक्रियाएँ (Research and Professional Practice)
  ♦ पहुँच एवं समावेशिता (Outreach and Inclusivity)
  ♦ स्नातक परिणाम (Graduation Outcome)
  ♦ अवधारणा (Perception)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-fact-3-04-2018